अमर उजाला 07/02/2024

एनसीसी कैडेट महकप्रीत का हुआ सम्मान

अंबाला। छावनी स्थित गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के तृतीय वर्ष के छात्र एनसीसी कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर महकप्रीत सिंह ने गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर जिले का नाम रोशन किया। महकप्रीत की शानदार उपलब्धि पर जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर रोहित दत्त ने कालेज प्रांगण में पहुंचने पर उन्हें सम्मानित किया। उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि महकप्रीत सिंह के अनुकरणीय नेतृत्व और राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रति प्रतिबद्धता ने उन्हें यह उपलब्धि प्रदान की है। इस अवसर पर एनसीसी के विभाग अध्यक्ष डॉ.एसएस नैन ने कहा कि महकप्रीत सिंह की यह उपलब्धि उनके समर्पण,अनुशासन और असाधारण क्षमताओं का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि महकप्रीत ने आरडीसी में चयन के साथ-साथ वहा जाकर दो शिविर भी लगाए। संवाद